# वी. एन्ड सी. पटेल इंगलिश स्कूल

## अर्धवार्षिक परीक्षा

दिनांक : १३-९-१७

समय : ३ घण्टा — कक्षा – १० विषय : हिन्दी — पूर्णांक-८०

### खंड - क

**प्र-१ निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । ९**

आत्मविश्वास की सबसे बड़ी दुश्मन है – दुविधा, क्योंकि दुविधा एकाग्रता को नष्ट कर देती है । आदमी की शक्ति को बाँट देती है । बस यह आधा इधर और आधा उधर, इस तरह खंडित हो जाता है । मेरे एक मित्र अपनी पत्नी के साथ जंगल में एक पेड़ के नीचे बैठे बात कर रहे थे, बात करते-करते पत्नी सो गई । वह उपन्यास पढ़ने लगे । अचानक उन्हें लगा कि सामने से भेड़िया चला आ रहा है - उन्हीं की तरफ । भेड़िया एक खूँखार जानवर, वह इतने धबरा गए कि पत्नी को सोता छोड़कर ही भाग खड़े हुए । भाग्य से कुछ दूर ही उन्हें एक बंदूकधारी सज्जन मिल गए । वह उनके पैरों पर गिर पड़े । "मेरी पत्नी को बचाइए, भेड़िया उसे खा रहा है", वह गिड़गिड़ाया ।

शिकारी दौड़ा-दौड़ा उनके साथ पेड़ के पास आया, तो उसकी पत्नी यथापूर्व सो रही थी और 'भेड़िया' उसके पास रखी टोकरी में मुँह डाले पूरियाँ खा रहा था । "कहाँ है भेडिया ?" शिकारी ने बंदूक साधते हुए पूछा, तो काँपते हुए बोले - "वह है तो सामने !" शिकारी बहुत जोर से हँस पड़ा– "भले मानस, वह बेचारा कुत्ता है ।" क्या बात हुई यह ? वही कि भय ने उसे विश्वासहीन कर दिया । सूत्र के अनुसार–हतोत्साहियों, निराशावादियों, डरपोकों और सदा असफलता का ही मर्सिया पढ़ने वालों के सम्पर्क से दूर रहो । नीतिका वचन है कि जहाँ अपनी, अपने कुल की और अपने देश की निंदा हो और उसका मुँहतोड़ उत्तर देना समृद्ध न हो, तो वहाँ से उठ जाना चाहिए । क्यों ? क्योंकि इसमें आत्मगौरव और आत्मविश्वास की भावना खंडित होने का भय रहता है ।

प्रश्न :

क. आत्मविश्वास की सबसे बड़ी दुश्मन कौन है ? और वह क्या नष्ट कर देती है ?

ख. आत्म-गौरव और आत्मविश्वास की भावना कहाँ खण्डित होने का भय रहता है ?

ग. मित्र कुत्ते को भेडिया क्यों समझ बैठे ?

घ. इस गद्यांश के सूत्र के अनुसार किन-किन लोगों के सम्पर्क से दूर रहो ?

ड. गद्यांश में से तत्पुरुष समास का कोई एक उदाहरण दीजिए ।

**प्र-२ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । ६**

मुझे लड़नी है एक छोटी-सी लड़ाई<br>
एक झूठी लड़ाई मे मैं इतना थक गया हूँ<br>
कि किसी बड़ी लड़ाई के काबिल नहीं रहा ।<br>
मुझे लड़ना नहीं अब

किसी छोटे कद वाले आदमी के इशारे पर
जो अपना कद लंबा करने के लिए पूरे देश को युद्ध में झोंक देता है ।
मुझे लड़ना नहीं, किसी प्रतीक के लिए,
किसी नाम के लिए किसी बड़े पोग्राम के लिए
मुझे लड़नी है एक छोटी-सी लड़ाई
छोटे लोगों के लिए, छोटी बातों के लिए
मुझे लडना है एक मामूली क्लर्क के लिए
जो बिना चार्जशीट के मुअत्तिल हो जाता है ।
जो पेट में अल्सर का दर्द लिए
जेबों में न्याय की अर्जी की प्रतिलिपियाँ भरकर
नौकर शाही के फौलादी दरवाजे
अपनी कमजोर मुट्ठियों से खटखटाया है ।
मुझे लड़ना है,
जनतन्त्र में उग रहे वन तन्त्र के खिलाफ
जिसमें एक गैंडानुमा आदमी दनदनाता है ।
मुझे लड़ना है,
अपनी ही कविता के बिंबो के खिलाफ
जिनके अँधरे में मुझसे,
जिंदगी का उजाला छूट जाता है ।

**प्रश्न :**

१. किस लड़ाई को कवि झूठी लड़ाई मानता है ?
२. कवि बड़ी लड़ाई के काबिल क्यों नहीं रहा ?
३. कवि समाज के किस वर्ग के हित में संघर्ष करना च.हता है और क्यों ?

## खंड – ख

प्र-३ क्रिया किसे कहते है ? क्रिया के मुख्य भेद बताईए । २

प्र-४ निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए । ३

१. निर्धन व्यक्ति कुछ नहीं खरीद सकता । (सरल वाक्य से मिश्र वाक्य में)
२. अतिथि आए और कार्यक्रम शुरु हुआ । (संयुक्त वाक्य से सरल वाक्य में)
३. संकट आ जाए, तो घबराना उचित नहीं । (मिश्र वाक्य से सरल वाक्य में)

प्र-५ क. निम्नलिखित शब्दों का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए । २

१. पंचतत्व  २. नीलांबर

ख. निम्नलिखित शब्दों को समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए । २

१. जन्म से लेकर  २. दश है आनन जिसके

प्र-६ निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रुप में लिखिए । ४

१. यह घटना जब मैं सात वर्ष का था, उस समय की है ।

२. भैंस का ताकतवर दूध होता है ।

३. जादूगर का जादू अच्छी थी ।

४. मैं खाना नहीं खाया हूँ ।

प्र-७ निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग इस प्रकार कीजिए की उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए । २

१. कमर कसना २. पहाड़ टूट पडना

## खंड – ग

प्र-८ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । ५

१. प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति-प्रदर्शन के लिए किस प्रकार के आयोजन किए जाते थे ?

२. लेखक ने राजकपूर को एशिया का सबसे बड़ा शोमैन कहा है । शोमैन से आप क्या समझते हैं ?

३. बड़े भाई साहब छोटे भाई से उम्र में कितने बड़े थे ओर वे कौन-सी कक्षा में पढ़ते थे ?

प्र-९ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । ५

जब से कानून भंग का काम शुरु हुआ है तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं गई थी और यह सभी तो कहना चाहिए कि ओपन लडाई थी । पुलिस कमिश्नर का नोटिस निकल चुका था कि अमुक-अमुक धारा के अनुसार कोई सभा नहीं हो सकती । जो लोग काम करने वो थे उन सबको इंस्पेक्टरो के द्वारा नोटिस और सूचना दे दी गई थी कि आप यदि सभा में भग लेंगे तो दोषी समझे जाएँगे । इधर कौंसिल की तरफ से नोटिस निकल गया था कि मोनुमेंट के नीचे ठीक चार बचकर चौबीस मिनट पर झंडा फहराया जाएगा तथा स्वंतत्रता का प्रतिज्ञा पढी़ जाएगी । सर्वसाधारण की उपस्थिति होनी चाहिए । खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी ।

प्रश्न :

क. पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए ।

ख. पुलिस कमिश्नर ने क्या नोटिस निकाला था ?

ग. कौंसिल द्वारा क्या नोटिस निकाला गया ?

प्र-१० निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । ५

१. उदार व्यक्ति की पहचान कैसे हो सकती है ?

२. गोपियाँ श्रीकृष्ण की बाँसुरी क्यों छिपा लेती है ?

३. मीराबाई अपने आपको किस की दासी बता रही है ?

प्र-११ झरने किसके गौरव का गान कर रहे हैं ? बहते हुए झरने की तुलना किससे की गई है ? ५

प्र-१२ हेडमास्टर शर्मा जीने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया ? ५

## खंड-घ

प्र-१३ निम्नलिखित विषयो में से किसी एक पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग १०० शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । ५

१. मनोरंजन के आधुनिक साधन :

संकेत बिंदु :

– मनोरंजन के साधन – साधनो द्वारा स्फूर्ति – व्यस्त जीवन और मनोरंजन – विज्ञान के कारण क्रांतिकारी परिवर्तन – मनोरंजन के साधन चुनने में सावधानी की आवश्यकता ।

२. मेरे जीवन का लक्ष्य :

संकेत बिंदु :

– लक्ष्य – लक्ष्यपूर्ण जीवन के लाभ – लक्ष्यपूर्ति का प्रयास – लक्ष्य निर्धारण के कारण ।

प्र-१४ अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर पुस्तकालय में हिन्दी कहानियों और कविताओं की अधिक पुस्तकों के लिए आग्रह कीजिए । ५

प्र-१५ विद्यालय के भवन निर्माण कार्य चल रहा है । वहाँ कोइ विद्यार्थी न जाए, प्राधानाचार्य की ओर से संबंधित सूचना २०-३० शब्दों मे विद्यालय के सूचना पट के लिए लिखिए । ५

प्र-१६ अहमदाबाद के बस-अड्डे के पूछताछ - अधिकारी से फोन पर पूछिए की द्वारका के लिए आखिरी बस वहाँ से कितने बजे चलती है । ५

प्र-१७ 'अप्सरा' नाम से बॉल और जेल पैनों की एक कंपनी बाजार में आई है । उसके लिए विज्ञापन तैयार कीजिए । ५